**महाप्रबंधक**
**डीजल रेल इंजन कारख़ाना**
**वाराणसी -221004**
**General Manager**
**Diesel Locomotive Works**
**Varanasi - 221004**



# <u>हिंदी दिवस संदेश</u>

डीरेका परिवार के प्रिय सदस्यगण,

आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक बधाई!

मनुष्य घर से अपनी यात्रा शुरू करता है और उपलब्धियों के निशान विश्वपटल पर अंकित करता है। शुरू से ही विचारों का आदान - प्रदान होने लगता है। जीवन क्रम भाषा के बिना अधूरा है। भाषा कोई भी हो, मनुष्य उसका प्रयोग भाव संप्रेषण मात्र के लिए ही करता है। भावों के संप्रेषण में जहां सहजता होती है वहीं जुड़ाव होता है। यही जुड़ाव राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान करता है। राष्ट्र निर्माण के लिए सबकी समझ में आने वाली भाषा का होना अति आवश्यक है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए संविधान निर्माताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया।

भारत जैसे बहुभाषी देश में जहां अनेक संस्कृतियों का प्रवाह दिखाई पड़ता है वहीं समन्वयकारी भाषा के रूप में हिंदी अपनी भूमिका का निर्वहन तत्परता से करती आ रही है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक तथा अरुणांचल प्रदेश से लेकर गुजरात तक, जनभावनाओं को एक सूत्र में पिरोये रखने के लिए हिंदी सशक्त माध्यम है।

आधुनिक तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में हिंदी भाषा का प्रयोग नितांत आवश्यक है। तकनीकी क्षेत्रों में अधिकाधिक हिंदी के प्रयोग से ही हम देश और समाज में वैज्ञानिक चेतना का प्रसार कर सकते हैं।

आइये, हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर हम सभी अपने जीवन एवं कार्यक्षेत्र में हिंदी अधिक से अधिक प्रयोग करने का प्रण लें।

**जय हिंद !**

यशपाल सिंह

दिनांक: 14.09.2020

**(यशपाल सिंह)**